-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖थाना बदौसा पुलिस द्वारा बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने जा रही महिला की बचाई जान।

विवरण- आज दिनांक 23.11.2024 को समय करीब 14.00 बजे थाना बदौसा पर सूचना प्राप्त हुई कि एक वृद्ध महिला बदौसा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने जा रही है। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष बदौसा श्री सुभाष चन्द्र वर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर महिला को सकुशल बचा लिया गया। महिला से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि महिला का नाम संता पत्नी रघुराज उम्र करीब 65 वर्ष निवासी गजपतिपुर खुर्द थाना बदौसा जनपद बांदा की रहने वाली है तथा अपने हाथ व सीने की दर्द से परेशान होकर आत्महत्या करने के उदेश्य से बदौसा स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर आई थी। पुलिस द्वारा महिला के पुत्र नन्दकिशोर को बुलाकर महिला को सुपुर्द किया गया तथा समझाया गया कि दोबारा आत्महत्या संबंधी विचार मन में न लाएं तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना दें, पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा कार्य की सराहना करते हुए पुलिस टीम को 05 हजार रूपए से पुरस्कृत किया गया।